(15)

लेखपाल संघ जिन्दाबाद !!

# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ

शाखा जनपद – मुजफ्फरनगर

(पंजीकृत सं0 75-4/II-A/359,14 नवम्बर 1962 ई0)


प्रेषक:
अरविन्द कुमार शर्मा
(जिला सचिव)
Mob 9412841500

कार्यालय :-
लेखपाल भवन, तहसील सदर
मुजफ्फरनगर - 251002


दिनांक 31.5.2014

पत्रांक ..../... सेवा में,

श्रीमान जिलाधिकारी महोदय
जनपद मुजफ्फरनगर।

महोदय,

उ0 प्र0 लेखपाल संघ शाखा जनपद मुजफ्फरनगर की कार्यकारिणी के त्रैमासिक बैठक दिनांक 19.05.2014 में तहसील सदर मुख्यालय पर सम्पन्न हुई। जिसमें पारित प्रस्ताव/संवर्गीय समस्याओं से अवगत कराने हेतु मुझे निर्देशित किया गया हैं। समस्यायें निम्नवत् है।

1. संवर्ग की सेवा सम्बन्धी समस्याओं के सामयिक निस्तारण हेतु पूर्व में भूलेख अधिकारी की अध्यक्षता में लेखपाल संघ के प्रतिनिधि मंडल एवं तहसीलदार तथा रजिस्ट्रार कानूनगो की संयुक्त त्रैमासिक बैठक आयोजित की जाती थी जिससे संवर्ग की अधिकांश समस्याओं का निस्तारण हो जाता था, उक्त बैठक पूर्व की भाति पुनः आरम्भ कराई जायें।
2. जनपद के लेखपालों का कृषि गणना व पशु गणना के सम्पादिक कार्यो का अवशेष मानदेय जो कई वर्षो से लम्बित है दिलाये जाने हेतु शासन स्तर पर पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही कराई जाये। इस सम्बन्ध में महोदय को पूर्व में भी अवगत कराया जा चुका है।
3. लेखपालों की भविष्य निधि की चतुर्थ श्रेणी के खातों में जमा धनराशि परिषद आदेश संख्या 13621/4--44ए/88 दिनांक 28.09.1989 के अनुसार तृतीय श्रेणी के भविष्य निधि खाते में समायोजित करने के आदेश पारित है। परन्तु बार--बारनिवेदन के बाद भी 2014 तक जनपद की चारो तहसीलों में उक्त चतुर्थ श्रेणी के खाते में जमा राशि का समायोजन वर्तमान खाता (तृतीय श्रेणी) में किया जाना शेष है। जिससे लेखपालों को उक्त धनराशि पर ब्याज न मिलने से आर्थिक क्षति हो रही है। अतः धनराशि का समायोजन अति शीघ्र कराया जाये।
4. जनपद मुजफ्फरनगर की सदर तहसील में कार्यरत लेखपाल श्री शैलेन्द्र शर्मा, सुनील शर्मा व संजीव शर्मा लेखपाल की जी.पी.एफ. की पासबुक व व्यक्तिगत पत्रावली जनपद शामली की तहसील शामली से जनपद मु0 नगर की तहसील सदर व श्री ब्रजपाल लेखपाल की जी. पी. एफ. की पासबुक जनपद शामली की तहसील कैराना से जनपद मुजफ्फरनगर की तहसील बुढाना (नियुक्ति की तहसील) को प्राप्त कराया जाना कई वर्षो से शेष है। जिस कारण उक्त लेखपालों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अतः जनपद शामली को पत्राचार कर प्रभावी कार्यवाही करते हुये मंगाया जाये।

क्रमश......2

5. जनपद की तहसील सदर में कार्यरत लेखपाल श्री धीरसैन व श्री नेमपाल तथा तहसील बुढाना में श्री ओमपाल व श्री रामकुमार के विरूद्ध लोकसभा निर्वाचन 2014 में मतदान केन्द्रो पर कमी पाये जाने के सम्बन्ध में श्रीमान जिलाधिकारी महोदय द्वारा पाई गई कमियों को दूर करने एवं स्पष्टीकरण देने के आदेश दिये गये थे। सम्बन्धित लेखपालों द्वारा समयान्तर्गत उक्त कमियों को दूर करते हुए स्पष्टीकरण महोदय की सेवा में प्रस्तुत किये गये महोदय द्वारा उक्त प्रकरण को अवलोकित किया गया था। परन्तु इन लेखपालों को पुनः प्रतिकूल प्रविष्ट करते हुए वेतन जारी नंही किया गया हैं। इस आदेश पर महोदय द्वारा सहानुभूति पूर्वक पुनर्विचार कर लेखपालों के विरूद्ध की गई दण्डात्मक कार्यवाही समाप्त करते हुऐ वेतन का भुगतान कराया जाये।
6. जनपद में लेखपालो के पारस्पारिक सहमति के आधार पर व बीमारी से ग्रसित लेखपालों के स्थानान्तरण उनके अनुरोध पर सुविधा की द्वष्टि से इच्छा अनुसार तहसीलों में किये जाये। जिससे उनको प्रशासनिक कार्य करने में सुविधा हो सके।
7. जनपद में 53 लेखपाल पंद रिक्त है जिसका अतिरिक्त कार्यभार नियमित लेखपालों को दिया गया है। इसका कोई अतिरिक्त मानदेय लेखपालों को नही दिया जाता है। अतिरिक्त क्षेत्र पर लेखपालों को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पडता है व कार्य की अधिकता के कारण समय से कार्य पूरा न होने पर दण्ड व मानसिक उत्पीडन सहन करना पडता हैं। कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय लिया गया है कि नियमित क्षेत्र के साथ अन्य अतिरिक्त क्षेत्र का कार्यभार लेखपाल ग्रहण नही करेगें। और वर्तमान में जिन लेखपालों पर अतिरिक्त क्षेत्रों का कार्यभार है उसे सम्बन्धित तहसीलदार को दिनांक 17.06.2014 को सौप देगें, सभी तहसीलदारों को लेखपालों के अतिरिक्त चार्ज प्राप्त करने के लिये निर्देशित किया जायें।

महोदय से सादर निवेदन है कि उपरोक्त संवर्गीय समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए निराकरण कराने की कृपा करें। संवर्ग आपका आभारी होगा।

सादर !

भवदीयः
अरविन्द कुमार शर्मा
(जिला सचिव)

प्रतिलिपिः—
1. मा0 प्रदेश अध्यक्ष/महामंत्री को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मा0 खंड मंत्री सहारनपुर मंडल सहारनपुर को क्रमांक 4 के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही हेतु एवं सूचनार्थ।
3. समस्त उपजिलाधिकारी/तहसीलदार महोदयान को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. समस्त तहसील अध्यक्ष/सचिव साहेबान को अनुपालनार्थ।

अरविन्द कुमार शर्मा
(जिला सचिव)